### डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं में भारत ने बनाई वैश्विक पहचान

# मप्र को मिलेंगे आधुनिक डायग्नोस्टिक उपकरण




**▶▶ पीएम-केयर्स निधि से प्रदेश को 13 एमआरआई मशीनें, 11 मैमोग्राफी मशीनें तथा 308 एआई-सक्षम हैंडहेल्ड एक्स-रे उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने नई दिल्ली में आयोजित 'डिजिटल हेल्थ इनिशिएटिव्स लॉन्च कार्यक्रम' में आरोग्य सेतु 2.0 सहित कई नई डिजिटल स्वास्थ्य पहलों का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि 90 करोड़ से अधिक आभा खाते और 100 करोड़ से अधिक डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड बनने के साथ भारत विश्व के सबसे बड़े डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टम में शामिल हो चुका है। नई पहलों का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बनाना है।

कार्यक्रम में आरोग्य सेतु 2.0, आयुष्मान ऐप, आयुष्मान सारथी व्हाट्सएप चैटबॉट, नेशनल हेल्थ क्लेम्स एक्सचेंज, यूनिफाइड हेल्थ इंटरफेस, ई-सुश्रुत क्लिनिक, ड्रग रजिस्ट्री, कॉमन एलओआईएनसी कोड्स फॉर इंडिया तथा भारत हेल्थ टर्मिनोलॉजी सर्विस जैसी डिजिटल स्वास्थ्य सेवाएं शुरू की गईं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आरोग्य सेतु 2.0 के माध्यम से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, वरिष्ठ नागरिकों और दीर्घकालिक बीमारियों से ग्रस्त लोगों सहित सभी आयु वर्ग के नागरिकों को एकीकृत स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी।

कार्यक्रम के दौरान मध्यप्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग और भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू भी हुआ। इसके तहत आगामी तीन वर्षों में पीएम-केयर्स निधि से प्रदेश को 13 एमआरआई मशीनें, 11 मैमोग्राफी मशीनें तथा 308 एआई-सक्षम हैंडहेल्ड एक्स-रे उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि इन अत्याधुनिक उपकरणों से प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी। विशेष रूप से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण जांच सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और प्रभावशीलता में उल्लेखनीय सुधार आएगा।

## दोमुंहा सांप की तस्करी के आरोपी को तीन वर्ष का सश्रम कारावास

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में भोपाल की अदालत ने दोमुंहा सांप (सैंडबोआ) की तस्करी के आरोपी प्रतीक सिंह बोहरा को तीन वर्ष के सश्रम कारावास और दो हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

यह फैसला तेईसवें अपर सत्र न्यायाधीश सचिन जैन की अदालत ने सुनाया। शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक आकिल अहमद खान और श्रीमती सुधा विजय सिंह भदौरिया ने पैरवी की। अभियोजन के अनुसार, 7 जनवरी 2016 को एसटीएफ भोपाल को सूचना मिली थी कि मिनाल इन्क्लेव, गुलमोहर क्षेत्र में कुछ लोग काले रंग की सफारी वाहन में दुर्लभ दोमुंहा सांप बेचने के लिए घूम रहे हैं। सूचना के आधार पर एसटीएफ ने वन विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त कार्रवाई कर वाहन की तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन में सवार पांच लोगों के पास मौजूद एक बैग से करीब 114 सेंटीमीटर लंबा और लगभग दो किलोग्राम वजनी सैंडबोआ सांप बरामद किया गया। इसके बाद आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने साक्ष्य, दस्तावेज और कानूनी तर्क पेश किए, जिन्हें न्यायालय ने स्वीकार किया। इसके आधार पर आरोपी प्रतीक सिंह बोहरा को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की धारा 51(1) एवं अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत दोषी ठहराते हुए तीन वर्ष के सश्रम कारावास तथा दो हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई।

## राज्यपाल पटेल से मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की सौजन्य भेंट

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** राज्यपाल मंगुभाई पटेल से सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोक भवन पहुंचकर सौजन्य भेंट की। डॉ. यादव ने श्री पटेल को मध्यप्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने को लेकर 9 लाख से अधिक सुझाव प्राप्त होने, यूसीसी को लेकर मिल रहे व्यापक जन समर्थन एवं इस संदर्भ में राज्य सरकार की आगामी कार्य योजना से भी अवगत कराया।

प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान के सफल क्रियान्वयन, गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा में प्रस्तावित शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों, 4 कृषि उपजों को हाल ही में मिले जीआई टैग से संबंधित किसानों को मिलने वाले लाभ, सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विस्तार, एमएसएमई एवं स्टार्ट-अप को प्रोत्साहन, औद्योगिक निवेश और रोजगार सृजन से जुड़े विभिन्न प्रयासों एवं सरकार को मिली उपलब्धियों पर भी विस्तार से चर्चा हुई।



## बच्चों में निवेश से मजबूत होगा प्रदेश का भविष्य : पवैया

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** मप्र राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया ने कहा है कि वर्ष 2047 तक विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य को हासिल करने के लिए बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा में निवेश बढ़ाना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी स्थानीय निकाय इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसलिए आयोग अपनी आगामी अनुशंसाओं में बच्चों के विकास से जुड़े प्रमुख संकेतकों को शामिल करने पर गंभीरता से विचार करेगा।

राज्य वित्त आयोग कार्यालय में यूनिसेफ के प्रतिनिधिमंडल के साथ आयोजित बैठक में बच्चों के समग्र विकास, पोषण और समावेशी आर्थिक विकास पर विस्तार से चर्चा हुई। यूनिसेफ मध्यप्रदेश के प्रमुख विलियम हेनलोन जूनियर ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से सुझाव दिया कि पंचायतों और नगरीय निकायों को वित्तीय संसाधनों के वितरण में बच्चों से जुड़े विकास संकेतकों को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

बैठक में श्री पवैया ने यूनिसेफ के सुझावों की सराहना करते हुए कहा कि स्थानीय निकायों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाकर बच्चों के हितों से जुड़ी योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। बैठक में आयोग के सदस्य के.के. सिंह, सदस्य सचिव वीरेन्द्र कुमार सहित अन्य अधिकारी तथा यूनिसेफ की पूजा सिंह और सोमेन बागची भी उपस्थित रहे।



### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संत कबीर दास की जयंती पर किया नमन

*भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महान संत, समाज सुधारक कबीर दास की जयंती पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संत कबीर दास जी ने सामाजिक कुरीतियों, आडम्बर एवं अंधविश्वास के विरुद्ध जनजागृति की। उनकी अमर कृतियां अनंतकाल तक समाज को लोककल्याण की दिशा देती रहेंगी।*

### कृष्णा गौर का कार्यकर्ताओं से संवाद



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** मध्यप्रदेश शासन की राज्य मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। श्रीमती गौर ने पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया। जिन जनसमस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है।

### बैठक में आधुनिक पुलिसिंग, साइबर सुरक्षा व नशामुक्ति अभियानों पर हुई चर्चा

## नीदरलैंड के कॉन्सुल जनरल ने डीजीपी कैलाश मकवाणा से की शिष्टाचार भेंट

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय में सोमवार को पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा से नीदरलैंड के मुंबई स्थित कॉन्सुल जनरल नबील ताउआती ने शिष्टाचार भेंट की।

इस दौरान उनके साथ वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार कौस्तुभ परिहार एवं कृषि सलाहकार प्रसाद पारते भी मौजूद रहे। बैठक में आधुनिक पुलिसिंग, साइबर सुरक्षा, सामुदायिक पुलिसिंग तथा जनजागरूकता अभियानों सहित विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। पुलिस महानिदेशक ने मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने, तकनीकी नवाचारों को बढ़ावा देने और नागरिक-केंद्रित पुलिसिंग के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने राज्यव्यापी 'सेफ क्लिक 2.0' अभियान का उल्लेख करते हुए बताया कि इसके माध्यम से नागरिकों, विद्यार्थियों, महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बैठक में 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान पर भी चर्चा हुई। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि प्रदेश सरकार और मध्यप्रदेश पुलिस युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने तथा मादक पदार्थों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के लिए लगातार जनजागरूकता कार्यक्रम चला रही है। कॉन्सुल जनरल नबील ताउआती ने मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा जनहित में संचालित नवाचारों, साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों और सामाजिक अभियानों की सराहना की। उन्होंने भविष्य में दोनों पक्षों के बीच सहयोग, अनुभवों के आदान-प्रदान और संवाद को और मजबूत बनाने की इच्छा जताई।



## कोलकाता में विधानसभा समितियों की अंतिम समीक्षा बैठक

**▶▶ बैठक की अध्यक्षता करेंगे नरेन्द्र सिंह तोमर**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** विधानसभा समितियों की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से गठित पीठासीन अधिकारियों की समीक्षा समिति की अंतिम बैठक 3 और 4 जुलाई को पश्चिम बंगाल विधानसभा, कोलकाता में आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर करेंगे। समिति में राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा, सिक्किम और पश्चिम बंगाल सहित छह राज्यों के विधानमंडल शामिल हैं। इससे पहले दो बैठकें भोपाल और जयपुर में हो चुकी हैं। अंतिम बैठक के बाद समिति अपनी अनुशंसाएं लोकसभा अध्यक्ष को सौंपेगी। इस दौरान श्री तोमर पश्चिम बंगाल विधानसभा के प्रशिक्षण शिविर में विशिष्ट अतिथि के रूप में भी शामिल होंगे। वे विधायकों को प्रश्नकाल, शून्यकाल, ध्यानाकर्षण और संसदीय आचरण से जुड़े विषयों पर मार्गदर्शन देंगे।




मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com